कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 24.02.2020

रिपोर्ट
मातृभाषा दिवस

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि बच्चा जन्म लेने के बाद सर्वप्रथम जो भाषा सीखता है या बोलता है वो मातृभाषा ही है। उसे संस्कार मातृभाषा के स्वरूप से ही प्राप्त होता है।

आई.क्यू.ए.सी. की संयोजक डॉ. अमिता सहगल ने कहा कि जिन परिवारों में संयुक्त परिवार प्रथा है वहाँ घर के बड़े, बुजुर्गों से मातृभाषा परंपरा में आती है। वहीं एकल परिवार के बच्चे, वर्तमान समय में इन परंपराओं और भाषा से वंचित होते जा रहे हैं।

नृत्य विभाग की प्राध्यापक डॉ. ऋचा ठाकुर ने अपनी मातृभाषा के मैथिली कवि विद्यापति के योगदान को बताते हुए उनकी कविता का पाठ किया। महाविद्याय की छात्रा कु. तृष्णा नायर एवं तृप्ति नायर ने रवीन्द्र संगीत प्रस्तुत किया।

हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने अपनी मातृभाषा छत्तीसगढ़ी की महत्ता एवं उसकी विशेषता का वर्णन किया, वहीं अंग्रेजी की विभागाध्यक्ष श्रीमती साधना पारेख ने गुजराती भाषा की बानगी को बताया।

डॉ. अल्का दुग्गल ने पंजाबी लोकगीत गिद्धा की परंपरा का वर्णन किया। श्रीमती ज्योति भरणे ने मराठी कविता का सस्तर पाठ किया। गृहविज्ञान की प्राध्यापक डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल ने अवधी भाषा की उत्पत्ति और विकास का उल्लेख किया वहीं छात्रसंघ अध्यक्ष अनिंदिता बिश्वास ने पश्चिम बंगाल के खान–पान एवं परंपराओं का उल्लेख किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन महाविद्यालय की जेण्डर चैम्पियन कु. रूचि शर्मा ने किया।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)